Allan (ऐलन) लेबर सरकार रहन-सहन की लागत में वास्तविक सहायता प्रदान कर रही है

Hindi | हिन्दी

रहन-सहन की लागत में सहायता

18 साल से कम आयु वालों के लिए मुफ्त सार्वजनिक परिवहन

माता-पिता के लिए, हर एक डॉलर की बचत मायने रखती है। यही कारण है कि **1 जनवरी से हम 18 वर्ष से कम आयु वाले विक्टोरियाई लोगों के लिए ट्रेन, ट्राम और बसें मुफ्त कर रहे हैं।**

वरिष्ठ नागरिकों के लिए शनिवार-रविवार को मुफ़्त सार्वजनिक परिवहन – हमारे पूरे राज्य में

हम **शनिवार-रविवार को सीनियर्स कार्ड धारक विक्टोरियाई लोगों के लिए सार्वजनिक परिवहन मुफ़्त** कर रहे हैं। इससे पोते-पोतियों/नाते-नातियों से मिलने जाना और हमारे राज्य में उपलब्ध हरेक चीज का आनंद लेना आसान हो जाएगा, यह सेवा **1 जनवरी** से शुरू होगी।

नि:शुल्क फ़ार्मेसी देखभाल

आप प्रिस्क्रिप्शन (डॉक्टर के पर्चे) के बिना अपने स्थानीय फ़ार्मासिस्ट से और अधिक स्वास्थ्य स्थितियों के लिए सलाह और उपचार प्राप्त कर सकते हैं – जिससे डॉक्टर के पास जाने के लिए लगने वाले समय और धन की बचत होती है।

बिजली के बिल में सहायता

हम सौर और कम बिजली इस्तेमाल करने वाले हॉट वाटर सिस्टम्स के लिए और अधिक छूट दे रहे हैं, ताकि विक्टोरियन परिवार अपने बिजली के बिलों को कम कर सकें।

$100 पावर सेविंग बोनस

हम रियायती कार्ड धारक परिवारों के लिए **$100 पावर सेविंग बोनस** से जरूरतमंद परिवारों की मदद कर रहे हैं।

अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन (प्रारम्भिक बचपन की शिक्षा)

हम **फ्री किंडर** उपलब्ध करा रहे हैं – जिससे परिवारों को हर बच्चे के लिए प्रति वर्ष $2,600 तक की बचत होगी।

भोजन आदि उपलब्ध कराने वाली दान संस्थाओं के लिए और अधिक सहायता

पहले से कहीं अधिक ऑस्ट्रेलियाई भोजन आदि उपलब्ध कराने वाली दान संस्थाओं पर निर्भर कर रहे हैं, इसलिए हम सामुदायिक खाद्य राहत कार्यक्रम को दोगुना कर रहे हैं।

उन सेवाओं की सहायता करना जिन पर परिवार निर्भर करते हैं

Allan (ऐलन) लेबर सरकार उन सेवाओं में और अधिक निवेश कर रही है जो परिवारों के लिए मायने रखती हैं



नौ नए या विस्तारित अस्पताल खोलना

हम नया **फुटस्क्रे (Footscray) अस्पताल**, पुनर्विकसित **फ्रैंकस्टन (Frankston) अस्पताल** और विस्तारित **मैरीबोरो (Maryborough)** अस्पताल खोल रहे हैं, और साथ ही विक्टोरिया भर में अस्पतालों में सुधार कर रहे हैं।

मेट्रो टनल की और अधिक ट्रेन सेवाएं

हम मेट्रो टनल खोलने और **सनबरी, क्रैनबोर्न और पैकनहेम (Sunbury, Cranbourne and Pakenham) लाइनों पर और अधिक सेवाएं चलाने के लिए तैयार हो रहे हैं।** और सिटी लूप में जगह खाली करके, मेट्रो टनल **सैंड्रिंघम, क्रेगीबर्न, अपफील्ड और वेरीबी (Sandringham, Craigieburn, Upfield and Werribee Lines) लाइन्स पर और अधिक ट्रेन सेवाएं प्रदान करेगी।**

सुरक्षित समुदाय

हम अपनी अदालतों, सुधार गृहों, युवा न्याय और पुलिस को मजबूत कर रहे हैं ताकि **जमानत के नए कठोर नियमों को और समुदायों को सुरक्षित रखने में** सहयोग हो सके।

नए और अपग्रेड किए गए स्कूल

हम **नए और अपग्रेड किए जाने वाने स्कूलों** में निवेश कर रहे हैं, और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि छात्र **साक्षरता (लिटरेसी) और गणित** में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें।

भविष्य के लिए कौशल

हम यह सुनिश्चित करने के लिए **मुफ़्त TAFE** प्रदान कर रहे हैं कि विक्टोरियाई लोगों को **अच्छी, सुरक्षित नौकरी** पाने के कौशल मिलें।

हमारी सड़कों और गड्ढों को ठीक करना

हम अपने पूरे राज्य में गड्ढों और सड़कों की सतहों को ठीक कर रहे हैं।

छोटे व्यवसायों की सहायता करना

हम सरकारी विनियमन को कम कर रहे हैं और छोटे व्यवसायों के लिए अधिक सहायता प्रदान कर रहे हैं।

विक्टोरियन सरकार द्वारा अधिकृत, 1 Treasury Place, Melbourne